Monday August 16 2021 1:46:04 PM GOVT OF INDIA RNI NO. 6869/61

भारत दर्शन

www.bharatdarshannews.com



# FARIDABAD

## देश के शहीद आजादी के मतवाले हमारे लिए सदा प्रेरणा के स्रोत : मूलचंद शर्मा

(Kiran Kathuria) www.bharatdarshannews.com Saturday,14 August , 2021)



अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में हुआ "फिट इंडिया फ्रीडम रन" दौड़ का आयोजन

Ballabgarh News, 14 August 2021 (bharatdarshannews.com) : हरियाणा के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि देश के शहीदों ने आजादी के मतवाले बनकर देश की सुरक्षा के लिए अपनी जान कुर्बान की है। वे हमारे लिए सदा प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे। हम उन्हें तहे दिल से शत-शत नमन करते हैं। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा आज शनिवार को स्थानीय सेक्टर- 2 के अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में जिला नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित 75वें आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत फिट इण्डिया फरीडम रन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर उपस्थित विद्यार्थियों व अन्य लोगों को संबोधित कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने अग्रवाल कॉलेज में देश के लिए जीवन की कुर्बानी देने वाले 21 परमवीर चक्र विजेताओं की मूर्ति पट्टीका का भी लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षा, चिकित्सा, खेल व रोजगार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं। जिन्होंने अपना तन, मन और धन देश के नाम अर्पित किया है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि देश में कल रविवार को 75 वां स्वतंत्रता दिवस हर्ष और उल्लास के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। यह स्वतंत्रता दिवस हम उन शहीदों की याद में खुशी के तौर पर मना रहे हैं, जिन शहीदों ने प्राणों की आहुति देकर/ अपनी कुर्बानी देकर देश के नाम आमजन को सुरक्षित और सुरक्षा पहुंचाने और देश को विदेशी ताकतों से आजाद कराने का काम किया है। आज भी हमारे सैनिक सीमा अपने परिवारों से दूर रहकर देश की सुरक्षा कर रहे हैं। देश में सुरक्षा के प्रहरीयों और आजादी के लिए कुर्बानी देने वाले की बदौलत से ही हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे शहीदों की कुर्बानियां सदा हमारे लिए प्रेरणा की स्रोत बनी रहेगी। आजादी के उन मत्तवालों को जिन्होंने देश की सुरक्षा के लिए अपनी जान कुर्बान की है उन्हें मैं शत-शत प्रणाम करता हूं। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट के तहत आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत फीट इण्डिया फरीडम का शुभारंभ किया गया है। फिट इंडिया मूवमेंट के लिए

प्रत्येक नागरिक को  अपने आप भागीदार बनकर  अपने आप को फिट रखने के लिए आधा घंटा प्रतिदिन देश के नाम पर अपने शरीर को तंदुरुस्त रखने के लिए प्रतिदिन कार्य करना होगा। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि युवा देश की जान है, युवा देश की शान है और युवा देश का भविष्य है। युवा फिट होंगे तो देश अपने आप फिट हो जाएगा। इसलिए युवाओं को फिट इंडिया मूवमेंट में बढ़चढ़ कर भागीदारी लेनी चाहिए और जो युवा फिट इंडिया फ्रिडम रन में भागीदारी कर रहे हैं। मै उन युवाओं को मैं बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। नेहरू युवा केंद्र के जिला कोऑर्डिनेटर रविंद्र मोहन ने कहा कि देश में फिट इंडिया मूवमेंट आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत फीट इण्डिया फ्रिडम रन के रूप में मनाई जा रही है। यह मुवमेंट 13 अगस्त आज से 2 अक्टूबर तक चलाई जाएगी। इसके लिए जिला में नेहरू युवा केंद्र द्वारा आगामी 2 अक्टूबर तक जिला फरीदाबाद में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसकी विधिवत शुरुआत  विगत 12 अगस्त शुक्रवार को खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने नई दिल्ली से की है। जिसमें युवा फिट इंडिया मूवमेंट के तहत राष्ट्र के हित में काम करते रहेंगे। अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कांत गुप्ता ने कहा कि विद्यालय में आए हुए सभी मेहमानों का तहे दिल से स्वागत कर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय की हरियाणा में नहीं पूरे देश में अलग पहचान है। अग्रवाल महाविद्यालय की स्थापना 1971 में की गई थी। इसमें युवाओं के लिए शिक्षा के लिए 22 विभिन्न कोर्सेज के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। यहां विद्यार्थियों का  सर्वांगीण शिक्षित विकास किया जाता है और यहां अधिकतर विद्यार्थियों की शिक्षा ग्रहण के दौरान प्लेसमेंट होती है या स्वयं रोजगार स्थापित करते हैं। फिट इंडिया फ्रिडम रन जिसमे कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना, यूथ रेड क्रॉस, रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय कैडेट कोर इकाइयों के स्वयसेवक शामिल थे, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा,उपायुक्त जितेंद्र यादव, अग्रवाल कॉलेज की प्रबंध समिति के प्रधान देवेंदर गुप्ता जी एवं प्राचार्य डा कृष्ण कांत  ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कोरोना काल के दौरान बेहतर कार्य करने वाले लोगों और शहीद परिवारों को भी नेहरू युवा केंद्र द्वारा स्मृति चिन्ह और शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर   एवं महासचिव श्री विनोद मित्तल जी भी उपस्थित रहे।.कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा व उपायुक्त जितेंद्र यादव को भी स्मृति चिन्ह और शाल भेंट कर सम्मानित किया गया।